गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिये कोटरा और हतबंध पीएचसी तथा कौंसरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिये कांकेर ज़िले के कोटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बलौदाबाज़ार-भाटापारा ज़िले के हतबंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और महासमुंद ज़िले के कौंसरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS – National Quality Assurance Standard) प्रमाण-पत्र प्रदान किया है।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत अगस्त और चालू सितंबर माह में इन अस्पतालों की सेवाओं का मूल्यांकन किया था। उन्होंने इस संबंध में मरीज़ों से फीडबैक भी लिया था।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में कोटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 91 प्रतिशत, कौंसरा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 83 प्रतिशत और हतबंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 78 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।
- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व भारत सरकार के विशिषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है।
- इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kotra-and-hathbandh-phc-and-kausra-health-and-wellness-centre-received-national-quality-assurance-standard-certificate-for-quality-health-services